卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 326 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦3 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मैराथन दौड़ में बवाल, सड़क पर जमकर हंगामा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए आयोजित रन फॉर नेशन मैराथन दौड़ शुरू होने से पहले अव्यवस्थाओं को लेकर बवाल हो गया। मैराथन में भाग लेने पहुंचे सैकड़ो छात्र भड़क उठे। गुस्साए छात्रों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगाकर कार्यक्रम आयोजक मिथुन जायसवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कोतवाली में भी जमकर हंगामा हुआ। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर वह शांत हुए। बताया जा रहा है कि मैराथन नशे के प्रति लोगों में जागरूकता लाने को लेकर मिथुन जायसवाल नाम के एक व्यक्ति द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। जिसमें भारी अव्यवस्था देखने को मिली। नैनीताल रोड में आयोजित मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र पहुंचे थे। छात्रों से 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक फीस भी ली गई और कहा गया कि उनको रिफ्रेशमेंट और जीतने पर इनाम भी दिया जाएगा। लेकिन यह सब व्यवस्था कहीं भी देखने को नहीं मिली। जिससे नाराज बच्चे और उनके परिजनों ने आयोजनकर्ता मिथुन जायसवाल का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। यहां तक नैनीताल रोड पर भी छात्र प्रदर्शन करते हुए बैठ गए। मौके पर कोतवाली (शेष पृष्ठ सात पर)





## एनएसजी कमाण्डो की सड़क हादसे में मौत

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, कमांडो का साथी गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रक्षाबंधन पर छुट्टी लेकर घर आये एनसजी कमांडो की वापस लौटते समय सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है। ग्राम सरौंजा नानकमत्ता निवासी 25 वर्षीय निर्मल सिंह पुत्र गुरमुख सिंह एनएसजी कमांडो थे। वह हैदराबाद में तैनात थे। बताया जा रहा है कि वह



रक्षाबंधन मनाने के लिए छुट्टी लेकर घर आये थे। शनिवार रात निर्मल की रुद्रपुर से ट्रेन थी। शाम को निर्मल अपने दोस्त नानकमत्ता निवासी सोनू के साथ उसकी बाइक से ट्रेन पकड़ने के लिए रुद्रपुर को निकले थे। किच्छा के पास हाईवे पर पीछे से एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को किच्छा रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल भेज दिया। देर रात इलाज के दौरान निर्मल की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। युवक के शव का



पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने आज उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक भोगपुर डाम, तीर्थ नगर, पतरामपुर जसपुर निवासी परमजीत सिंह 23 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह शनिवार की शाम उपरोक्त गांव निवासी रिश्ते के भाई सतपाल पुत्र हरबंस सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सतपाल की ससुराल कल्लूवाला जा रहा था। बताया जा रहा है कि भगवंतपुर से बामुश्किल एक किलोमीटर आगे फोरलेन पर विपरीत दिशा(शेष पृष्ठ सात पर)

### पंचायत में कुछ देर और रुकता तो बच जाती जान

काशीपुर। कहते हैं की मौत जब आती है तो कुछ ना कुछ बहाना लग जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ परमजीत के साथ। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम एक फैसले को लेकर गांव में पंचायत थी। शाम लगभग 5 बजे तक मृतक परमजीत रिश्ते के भाई सतपाल के साथ वहीं मौजूद था। बताते हैं कि इस बीच जब वह पंचायत से जाने लगा तो कुछ लोगों ने उसे कुछ देर और रुकने के लिए कहा लेकिन पंचायत में रुकने की बजाय वह सतपाल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी ससुराल कल्लूवाला के लिए निकल पड़ा जहां भगवंतपुर के समीप मौत उसका इंतजार कर रही थी।

## महिला ने ससुरालियों पर लगाया पति की हत्या कर धन हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। एक पीड़िता ने महिला हेल्प लाईन की मदद से अपने ससुरालियों पर उसके पति की हत्या कर नाले में फेंक देने और देवर पर बदनीयत रखने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 24 फरवरी 2024 को पवन यादव पुत्र जागन सिंह यादव से हुआ था। जिसमें उसके पिता स्व. राजपाल यादव ने पांच लाख रूपये नगद, व लगभग 5 तौला सोना तथा अन्य उपयोगी घरेलू सामान दहेज उपहार स्वरूप दिया था। विवाह के लगभग 6 माह पश्चात देवर शुभम यादव व प्रमोद कुमार यादव उसे अक्सर कम दहेज लाने का ताना देकर मारपीट करते थे। जब पति बीच बचाव करते थे तो उनसे भी मारपीट करते थे। उसका समस्त स्त्रीधन सास के कब्जे में है। 7 फरवरी 2016 को अचानक उसे ज्ञात हुआ कि उसके पति की मृत्यु हो गयी है और उसका पार्थिव शरीर रूद्रपुर मार्केट में पोस्ट ऑफिस के पास नाली में पड़ा हुआ है। उसे शक है कि उक्त लोगों द्वारा ही उसके पति को मरवाया गया है। पति की मृत्यु के बाद देवर उस पर बुरी नजर रखने लगे। वह सिलाई का कार्य कर अपने दोनों बच्चों का भरण पोषण करने लगी। देवर शुभम यादव का विवाह लगभग 1 वर्ष पूर्व हुआ, विवाह के पश्चात जब (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की दस बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने चोरी की दस बाइकों के साथ वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पंतनगर क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनायें बढ़ने के चलते एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने घटनाओं के अनावरण के लिए टीम का गठन किया था। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि टीम ने चोरी की घटनाओं से सम्बंधित लगभग 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया और कई संदिग्धों से पूछताछ की। साथ ही वाहन चोरों को पकड़ने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर डेक्कन कम्पनी



के पास बिना नम्बर प्लेट की हीरो मोटरसाईकल पर सवार दीपक शर्मा पुत्र जितेन्द्र शर्मा निवासी वार्ड न0-7 राजा कालौनी ट्राजिट को घेराबंदी कर पकड़ लिया। दीपक की निशादेही पर चोरी की 10 मोटरसाईकले बरामद की गई। पकड़े गये आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्त अजय सागर पुत्र श्रीपाल सागर निवासी वार्ड न0-8 शिव नगर ट्राजिट कैम्प व दो नाबालिक दोस्तों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देता थे। अजय सागर को पुलिस ने नीम किरोली धर्म कांटा से पूर्व दिशा की और नाले के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।पकड़े गये आरोपी दीपक शर्मा के खिलाफ पूर्व में भी पंतनगर थाने में कई अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस टीम में कोतवाल पंतनगर राजेन्द्र सिंह ढांगी , उपनिरीक्षक प्रदीप कोहली, उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र परिहार, कांस्टेबल नितिन कुमार, कृपाल सिंह,प्रकाश भट्ट, भूपेन्द्र आर्या आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## पंतनगर विवि अधिकारी के घर से लाखों की चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुरक्षित क्षेत्र माना जाने वाला पंत विवि परिसर भी अब सुरक्षित नहीं रह गया है। रक्षाबंधन पर मूल निवास गये विवि के एक अधिकारी के घर से अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवर और हजारों की नगदी चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में वीके मिश्रा पुत्र स्व. एसएन मिश्रा निवासी एन-4 नगला पंतनगर ने कहा है कि वह पंतनगर विश्वविद्यालय में संस्थापनाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं तथा नगला डेरी कालोनी में आवासित है । 30 अगस्त की सांयकाल रक्षाबंधन के अवसर पर अपने गृह नगर बरेली गया था तथा 1 सितम्बर को प्रात: 8 बजे वापस लौटा तो मुख्य द्वार का ताला मुडा देखा । घर के अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। दोनो कमरो में अल्मारिया तोड उसके लॉकर में रखे समस्त जेवरात निकाल लिये गये थे। चोरों द्वारा आंगन के रास्ते से लोहे (शेष पृष्ठ सात पर)

### महिला के पर्स से लाखों के जेवर उड़ाये

काशीपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका के समीप अज्ञात उचक्के ने एक महिला के पर्स से लाखों रूपों के सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने घटना की लगभग पांच दिन बाद तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर दुर्गा कॉलोनी काशीपुर निवासी पार्वती देवी पत्नी सुरेश चंद्र बलोदी ने बताया कि बीते 28 अगस्त को लगभग 6 बजे जब वह आवश्यक कार्य बस नगर पालिका के पास से होकर गुजर रही थी इसी दौरान घात लगाए अज्ञात चोर ने उनके पर्स से सोने के झुमके, सोने के पैंडल, कान की सोने की रिंग व वह चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## हिन्दू जागरण मंच ने फूंका भ्रष्टाचार का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हिंदू जागरण मंच द्वारा आज डीडी चौक पर भ्रष्टाचार का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि देहरादून के डालनवाला क्षेत्र स्थित एमडीडीए कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के फ्लैटों में जिस तरह से अवैध मस्जिद संचालित की जा रही है और उसको एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया द्वारा संरक्षित



किया जा रहा है। जिसके खिलाफ हिंदू जागरण मंच पिछले एक माह से पूरे प्रदेश में व्यापक विरोध प्रदर्शन कर रहा है। जिलाधिकारी देहरादून द्वारा उक्त परिसर को सीज करने के आदेश भी दिए गए थे। जिसको सचिव मोहन सिंह बर्निया द्वारा दरकिनार कर मस्जिद संचालक को एक सप्ताह का समय दे दिया गया। इसके बाद भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई । उन्होंने कहा कि यह विषय सिर्फ एक अधिकारी को हटाने का नहीं है बल्कि उत्तराखंड में अतिक्रमण के रूप में हो रहे लैंड जिहाद पर कार्यवाही को किस प्रकार भ्रष्ट अधिकारी धनोपार्जन का अवसर बना रहे हैं यह उससे भी जुड़ा हुआ है । पिछले दिनों मंच द्वारा सचिवालय का घेरावकिया गया जिसकी प्रतिक्रिया पूरे देश में अलगाववादी विचार रखने वाले सामाजिक संगठनों लोगों व नेताओं द्वारा भी की गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

# भागवत कथा में धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह में चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीलाओं का सुंदर प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान श्री कृष्ण जन्म बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें गौरिक जैन बाल स्वरूप कृष्ण का रूप धारण करके पधारे थे और बड़े ही हरसोला से खिलौने टोपिया बिस्किट उछालकर कृष्ण जन्म मनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से बाल श्री कृष्ण का जयघोषों के साथ स्वागत किया। तालियों की गड़गड़ाहट तथा श्री कृष्ण के जयघोषों से आयोजन स्थल गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु खुशी में झूमते रहे। कथा व्यास श्रीमती पुष्पा गर्ग ने कृष्ण जी को कथा व्यास गद्दी से आशीर्वाद दिया सब ने झूमते हुए नाचते हुए कृष्ण जन्म मनाया। जीत गया नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। इस मौके पर अग्रवाल सभा के सरपंच ताराचंद



अग्रवाल, अध्यक्ष गौतम रुंगटा, महामंत्री कुशल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल अग्रवाल, मेला समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया, सौम्या अग्रवाल, कांता अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल, सुहानी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अशोक मित्तल, योगेंद्र जिंदल, रश्मि जिंदल, बजरंग लाल गर्ग, बबीता मित्तल व नीतू रुंगटा आदि मौजूद थे।

# विधायक सुमित ने किया चार मार्गों का लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने आज एक करोड़ में से अधिक लागत की चार सड़कों का धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य लोकार्पण किया। सद्भावना कॉलोनी, श्यामा गार्डन एवं अंबा बिहार में तीन सड़कों का लोकार्पण किया। इससे पूर्व विधायक सुमित का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि महानगर की सड़कों को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त करने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा वह राज्य के पहले ऐसे विधायक हैं जिनकी विधायक निधि हमेशा विकास कार्य के लिए पूरी खत्म हो जाती है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि हल्द्वानी जो कि कुमाऊं का प्रवेश द्वार है और यहां की सड़कों को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त किया जाए। इसके लिए विधायक निधि काफी नहीं है। सरकार को हल्द्वानी की सड़कों को बेहतर करने के लिए अतिरिक्त बजट देना चाहिए। जिससे शहर की जनता के साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि आज की दो सड़के उनकी विधायक निधि से बाकी की सड़क खनिज न्यास के बजट से बनाई गई है।



# बद्रीपुरा में चलाया वोटर चेतना अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी हल्द्वानी विधानसभा के अंतर्गत नगरअध्यक्ष प्रताप रैकवाल के नेतृत्व में वोटर चेतना महा अभियान के तहत बद्रीपुरा वार्ड नंबर 11



बूथ संख्या 49 पर नए मतदाता बनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर करीब 50 युवाओं ने नए मतदाता बनने के लिए अपने फॉर्म भरे एवं अपने सभी कागज जैसे आधार कार्ड एक फोटो हाई स्कूल का प्रमाण पत्र एवं अपने घर में किसी एक का वोटर आईडी दी। विधानसभा संयोजक राजेंद्र अग्रवाल पार्षद ने कहा कि भाजपा आज युवाओं को अपने साथ अधिक से अधिक संख्या में जोड़कर 2024 में मोदी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि वे प्रत्येक घर में जाकर नये मतदाता बनाने का कार्य करें और पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जो भी योजनाएं लागू की गई है उन योजनाओं की जानकारी लोगों को दे। इस अवसर पर महापौर डॉक्टर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, विधानसभा सहसंयोजक राजेंद्र सिंह भवानी, देवेश भट्ट, नगर महामंत्री मधुकर श्रोत्रीय, पंकज अधिकारी, नगर उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, प्रतिभा जोशी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्तिक हरवोला, वार्ड 11 शक्ति केंद्र संयोजक मनोज चौहान, दिनेश बिष्ट, अजय गुप्ता, प्रेम सिंह, श्रीमती बेबी गोयल आदि कार्यकर्ताओ ने अभियान में सहयोग प्रदान किया।

# महिलाओं पर बुरा असर डालने वाली ताकतों को ठुकराने की जरूरत: गीता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिलाओं पर बुरा असर डालने वाली ताकतों को ठुकराने की जरूरत है । यह बात बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन के महिला प्रकोष्ठ के छठे वार्षिक सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में जोनल महिला संयोजिका कामरेड गीता शांत ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार की निजीकरण करने वाली नीतियों का सबसे बुरा असर महिलाओं पर पड़ता है। यही नहीं, समाज में साम्प्रदायिक और नफरती माहौल से सर्वाधिक दुर्गति महिलाओं की ही होती है। उन्होंने कहा कि सरकार एलआईसी को भी अपने मित्र पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है। अत: सरकार की नापाक मंशा से जनता को आगाह करने के लिये जन अभियान चलाने की जरूरत है। इससे पूर्व संयोजिका मधु सोती ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर ममता दरमवाल, प्रीति कोठारी, उपमा सेठी, किरन भट्टाचार्य, नीलम पाण्डे, दीपा चंद्रा ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन में गीता गुर्रानी को मण्डलीय संयोजक, मधु सोती व प्रीति कोठारी को सर्वसम्मति से सह संयोजिका चुना गया। सम्मेलन में ज्योति अरोड़ा, मुन्नी पांगती, गीता आर्या, कमला , पूनम, निर्मला कुरियाल, , प्रीति कोठारी, नीरू जोशी, किरन भट्टाचार्य, तनूजा जोशी, उपमा सेठी, दीपा चंद्रा, नीलम पाण्डे, तृप्ति भारद्वाज, ममता खोलिया, साईयां सिद्दीकी तथा सचिव मण्डल के सदस्य हेमंत, अशोक कश्यप, हिमांशु चौधरी, रविन्द्र कुमार, नरेंद्र जोशी, अखिल शर्मा, भानु उपाध्याय , पंकज त्रिपाठी आदि ने भाग लिया । सम्मेलन की अध्यक्षता मनोज गुप्ता एवं संचालन किया डीके पाण्डे ने किया।



# डीएम ने किया जयंती ध्वज मंदिर का स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने जयंती ध्वज मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मंदिर जाने के लिए बने ट्रैकिंग रूट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान



जिला पर्यटन अधिकारी, संबंधित वन क्षेत्राधिकार, पटवारी, ध्वज खण्डनाथ मंदिर के पुजारी कमान सिंह धामी व चंद्र मोहन पांडे, ग्राम प्रधान खर्क दोली, कुंडल महर, सुजीत धामी, भूपेंद्र सिंह महर आदि अन्य उपस्थित रहे। जयंती ध्वज मंदिर पहुंच जिलाधिकारी का मंदिर के पुजारियों द्वारा स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम ध्वज खण्डनाथ में फिर जयंती मंदिर में जनपद और परिवार की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना की। जयंती ध्वज मंदिर के स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और मंदिर परिसर की देखरेख हेतु निवासरत पुजारियों की मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में वार्ता की। जयंती मंदिर के पुजारी उमेद धामी ने डीएम के समक्ष पानी और शौचालय की व्यवस्था करने के लिए निवेदन किया। उमेद धामी ने कहा जयंती ध्वज मंदिर पौराणिक मंदिर है, इसका उल्लेख पुराणों में भी मिलता है तथा राज्य व जनपद वासियों में इस मंदिर के प्रति विशेष मान्यता और लगाव है। ग्राम प्रधान खर्क दोली कुंडल महर ने बताया कि जयंती ध्वज मंदिर के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से बनी पानी की टंकियों में पानी रिसाव की समस्या है। जिसके पुनरुद्धार के लिए उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया। सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी जयंती ध्वज मंदिर का विशेष महत्व है और इससे जनपद वासियों व स्थानीय लोगों की आस्थाएं भी जुड़ी हैं। जिलाधिकारी द्वारा जयंती ध्वज मंदिर के लिए पानी और शौचालय आदि की समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

# अनमोल रतन सिंह हेड बॉय ,सानिया मक्कड़ हेड गर्ल

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस0 एस0 पब्लिक स्कूल में चारों सदनों की नयी कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमे चारो सदनों क्रमश- द्रोणा हाउस ,बृहस्पति हाउस, वशिष्ट हाउस एवं विवेकानंद हाउस के कप्तान ,उपकप्तान के साथ स्कूल के हैड बाय एवं हैड गर्ल का चयन विद्यालय में प्रधानाचार्य परविन्दर सिंह द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया गया जो निम्नवत है ,हैड वाय अनमोल रतन सिंह, हैड गर्ल सान्या मक्कड़,कप्तान विवेकानंद सदन (पीला ) नितिश, वशिष्ट सदन (हरा) वंशदीप, द्रोणा सदन (लाल) निखिल,बृहस्पति सदन (नीला)लक्ष्य झाम । अन्य पदाधिकारियो में रोहित, खुशी विनायक, विश्वास, अक्षत,अमान अहमद, जशनदीप , लाईबा,जशनप्रीत कौर, हर्षदीप , आकांशा, अंशिका, आयुशी, रिद्धी, सुहानी वर्मा, सुम्बुल, रोहन, सान्या दर्गन,सुहानी वर्मा, शरद जोशी, मुश्कान, शरनदीप, देविका अरोरा , युवराज एंव मिनाक्षी है। विद्यालय के एम0डी0 डीपी सिंह ने विद्यालय की नई कार्यकारिणी को बधाई एवं आशीर्वाद दिया । प्रधानाचार्य परविन्दर सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैज पहनाकर शपथ दिलवाई तथा उनको नई जिम्मेदारियों को कर्तव्य से निभाते हुए पूर्ण करने के साथ साथ विद्यालय के नियमों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद, उमेश चौहान,प्रदीप चौधरी, काशिफ खान,काजल अरोरा,सागर अरोरा, केवल कंबोज,गौरव कुमार,रेणु चौधरी, श्रुति,अलीशा,साक्षी चौधरी, संदीप सिंह, शालु अरोरा,गुरदयाल सिंह, इंदरजीत सिंह, सचिन बजाज, वर्तिका, दीप चंद्र, शुभम कुमार, रेखा,अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



# डेंगू की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन हुआ अलर्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद वासियों को डेंगू से बचाव हेतु सीधे लार्वा पर ही वार किया जाये ताकि मच्छर पनपने न पाएं। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कही। जिलाधिकारी ने जनपद में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य, पंचायतीराज, शहरी विकास तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर फोगिंग एवं दवाईयों के छिड़काव तथा स्वच्छता अभियान पर विषेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू के प्रति वृहद्ध स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने तथा एक सप्ताह तक विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभाओं में डेंगू के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने विद्यार्थियों को फुल बाजू वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि डेंगू का मरीज पाये जाने पर सम्बन्धित क्षेत्र में जनपद तथा ब्लॉक की टीमों द्वारा विशेष अभियान लचाया जाये। जिलाधिकारी ने नगर निगम, पालिकाओं, पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को भी डेंगू के प्रति जागरूकर करने हेतु निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये।



जिलाधिकारी ने जनता से अपील की कि घरों के आसपास पूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें और कचरे का निस्तारण सही ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि घरों में कूलर, टेंक, ड्रम, बाल्टी आदि में अनावश्यक एवं लम्बे समय तक पानी न रखें। उन्होंनें डेंगू के प्रति लापरवाही न बरतने, लक्षण पाये जाने पर तुरन्त अस्पताल जाने एवं डॉक्टर्स की सलाह के अनुसार कार्य करने की अपील भी जनता से की। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जल भराव वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से फोगिंग एवं दवाईयों के छिड़काव करने के निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा ने बताया कि एडिस प्रजाति के मच्छर डेंगू वायरस से संक्रमण फैलाते है। डेंगू दो रूप में परिलक्षित होता है-डेंगू फीवर एवं डेंगू हेमरेजीक फीवर/डेंगू शॉक सिन्ड्रोम। डेंगू का इनक्युबेशन पीरियड साधारणतारू 5 से 7 दिन का होता है। यह मच्छर प्राय दिन के समय काटता है। इन मच्छरों में डेंगू वायरस का संक्रमण 3 सप्ताह तक रहता है। उन्होंने बताया कि जनपद में डेंगू मरीजों के लिए 76 बेड रिजर्व रखे गये हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर निजि चिकित्सालयों में भी डेंगू के मरीजों के लिए बेड रिजर्व रखने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सीएमओ डॉ.मनोज शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, गौरव पाण्डे, अमृता शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# पात्र व्यक्ति नजूल नीति का लाभ उठाएं: एडीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी नजून एवं प्रशासन जय भारत सिंह ने बताया कि नजूल भूमि राज्य सरकार की सम्पत्ति है और नजूल भूमि के प्रबन्ध और निस्तारण तथा फ्रीहोल्ड किये जाने के संबंध में शासनादेश संख्या- 880/ट-1/2021-28 (एन0एल0) / 2015, दिनांक: 11. 12.2021 द्वारा नजूल नीति, 2021 निर्गत की गयी है एवं जिसकी लागू रहने की अवधि दिनांक: 10.12. 2022 तक थी। उक्त नजूल नीति, 2021 के लागू रहने की अवधि को दिनांक: 11.12.2022 से बढ़ाते हुए 01 वर्ष तक अथवा प्रस्तावित नजूल अधिनियम के अन्तर्गत प्रख्यापित होने वाली नियमावली जो भी पहले हो, तक प्रभावी एवं लागू रहने की स्वीकृति प्रदान की गई है।उन्होंने यह भी बताया कि नजूल नीति, 2021 के प्रस्तर - 5 ( 1 ) में प्रदत्त व्यवस्था को संशोधित करते हुए नजूल भूमि पर काबिज आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्राविधानित मानकों के अधीन पात्रता की श्रेणी में आते हों और जिनका नजूल नीति, 2021 में उल्लिखित कट ऑफ डेट दिनांक: 09.11.2011 से पूर्व कब्जा हो, को 50 वर्गमीटर तक आवासीय भूमि को नि:शुल्क उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जायेगी, की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वर्णित प्राविधानों के अतिरिक्त फ्रीहोल्ड की समस्त कार्यवाही हेतु नजूल नीति, 2021 के प्रावधान यथावत् लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि नजूल भूमि के प्रबन्ध और निस्तारण के संबंध में नजूल नीति, 2021 के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप, नजूल नीति आदि की विस्तृत जानकारी तथा प्रारूप आदि अपर जिलाधिकारी कार्यालय नजूल एंव प्रशासन के कार्यालय के बाहर सार्वजनिक रूप से चस्पा हैं। नजूल नीति को नेदंहंत.दपब. पद पर भी अपलोड किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि फ्रीहोल्ड की प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता से अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि किसी भी जालसाज व्यक्ति के बेहकावे में न आयें, बल्कि जमीन को फ्री होल्ड कराने हेतु स्वयं अपने स्तर से कार्यवाही करें और यदि किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो किसी भी कार्य दिवस में अपर जिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन से सम्पर्क कर सकते हैं।

# उत्तराखंड अधिवक्ता महासंघ के गठन पर भट्ट ने दी बधाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने अधिवक्ताओं के हितों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए बनाई गई उत्तराखंड अधिवक्ता महासंघ के गठन पर अधिवक्ताओं को बधाई दी है साथ ही हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत को अधिवक्ता महासंघ का अध्यक्ष घोषित किए जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। श्री भट्ट ने अधिवक्ता महासंघ के सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करने की शुभकामनाएं दी।

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु हेल्पर के रूप में स्थानीय युवक की।
-:सम्पर्क करें:-
9897064707

# युवक को कांस्टेबल से जान माल का खतरा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी एक युवक ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में चौकी में तैनात एक कांस्टेबल पर जान माल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। भूतबंगला निवासी गुफरान पुत्र रियाजुल ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। गुफरान ने शिकायती पत्र में वह 26 अगस्त को दोस्त के साथ तहरीर देने चौकी रम्पुरा गया। पीड़ित के मुताबिक चौकी तैनात एक कांस्टेबल ने उससे गाली गलौज की और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित का कांस्टेबल पर आरोप है कि नशे के इंजेक्शन की सप्लाई करता है। उसे किसी केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने एसएसपी से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने इस मामले की जांच सीओ सिटी अनुषा बडोला को दी। इधर सीओ सिटी से मामले में जानकारी चाही तो उसने बात नहीं हो सकी।

# जन जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा 1 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत गत दिवस गुरुकुल स्कूल में शिविर आयोजित कर स्कूल के बच्चों के साथ ही समस्त स्टॉफ व स्कूल बस चालक परिचालकों को महत्व पूर्ण जानकारियां दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधि



करण सचिव ने बच्चों को बताया वाहन चलाते समय समस्त सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त पैनल अधिवक्ता लालू प्रसाद, डीएलबी रियासत अली, तारा रानी, गुलनाज मेहनाज भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सड़क सुरक्षा की शपथ भी बच्चों से दिलाई। यह कार्यक्रम पूरे उधम सिंह नगर में आयोजित किया जा रहा है।

# एड.सुनील गुंबर के निधन पर शोक

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर व क्षेत्र के प्रसिद्ध एडवोकेट सुनील कुमार गुम्बर के आकस्मिक निधन की सूचना पर विभिन्न संगठनों ने शोक प्रकट किया है।कल मुक्तिधाम में पार्थिव शरीर का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। । बुध बाजार में रहने वाले ज्ञानचन्द गुम्बर के पुत्र प्रसिद्ध एडवोकेट सुनील कुमार गुम्बर (50वर्ष) का शनिवार को करीब चार बजे अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया। जब तक उन्हें इलाज के लिए ले जाते उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। एडवोकेट सुनील गुम्बर की मधुर व्यवहार के चलते उनकी अलग ही पहचान थी। इनके निधन पर नगर के विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है । सुनील गुम्बर ,राजकुमार गुबर, भूषण गुम्बर के छोटे भाई थे।



# पत्रकार कमल के बड़े भाई का निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के छायाकर कमल राजपाल के बड़े भाई 66 वर्षीय इंद्रपाल राजपाल का गत दिवस लंबी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ थे। उन्होंने उपचार के दौरान सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। जिनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान समता आश्रम गली से प्रारम्भ होकर मुक्तिधाम राजपुरा गई। कमल राजपाल ने बताया कि उठवानी संस्कार दिनांक 5 सितंबर को श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी गली नंबर 10, बरेली रोड़ में दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक का रखा गया है। उनके निवास स्थान समता आश्रम गली में पहुंचकर कई सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं पत्रकारों द्वारा भी डॉ विपिन चंद्र, बबली बिष्ट, मोहम्मद खालिद, दीपू बिष्ट, संजय, अजय, हिमांशु वार्ष्णेय सहित दर्जनों पत्रकारों ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधा। देवभूमि सामाजिक मंच के संरक्षक राजकुमार केसरवानी, राजकुमार आनंद, पवन गुप्ता, गणेश साहू, अजय कृष्ण गोयल, विजय गुप्ता पंकज अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।



# अवैध खनन से भरा डंपर सीज

शक्तिफाम(उद संवाददाता)। वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वन विभगा की टीम ने एक 22 टायरा डंपर को अवैध रूप से खनन सामग्री ले जाने पर सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीवनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन सुरक्षा दल ने किच्छा सितारगंज मार्ग पर गश्त के दौरान किच्छा सितारगंज मार्ग पर 22 टायरा डंपर संख्या यूपी26टी 4252 को जांच के लिए रोका तो वाहन चालक वाहन खड़ा करके मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर वाहन में अवैध बजरी लदी पायी गयी। जिसके कोई कागजात वाहन में नहीं मिले। जिस पर टीम ने वाहन को शक्तिफार्म वन परिसर सितारगंज रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम कार्रवाई हेतु खड़ा करवा दिया। टीम में दिनेश चन्द्र बुधलाकोठी वन दरोगा, सोनू कुमार वन आरक्षी,नरेन्द्र पाण्डे वन आरक्षी,चन्दन सिंह आदि थे।




# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सहज पाठ का प्रारम्भ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुरु नानक देव जी के आगामी 27 नवंबर को होने वाले पावन प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गत दिवस गुरु कृपा, समूह साध संगत के आशीर्वाद व सहयोग से संगति रूप में सहज पाठ की अरम्भता करी गयी।पिछले 5-6 साल से हर साल गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर समूह संगत की तरफ से सहज पाठ रखा जाता है। सहज पाठ का मतलब गुरु ग्रंथ साहिब जी में जो बाणी लिखी गयी है उसका सहजता से भाव आराम-आराम से, समझ समझ के, गुरबाणी के अर्थ बोध का ध्यान रखते हुए पाठ करना। सहज पाठ रोज



गुरद्वारा साहिब में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक संगति रूप में होगा। भाव एक पंक्ति गुरबाणी की हेड ग्रंथि जी ताब्या बैठ के पड़ेंगे। दूसरी पंक्ति समूह संगत मिल के पड़ेगी। ताब्या का मतलब वह स्थान जहाँ गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश है। यह पाठ लगभग 78 दिन रोजाना गुरुपर्व तक सुबह 8 बजे से 9 बजे तक होगा।हर शनिवार को सुबह 9 बजे से 9.30 बजे तक गुरु नानक देव जी के जीवन संबंधित, इतिहास, मर्यादा आदि पर कथा, विचार होगी। गुरु ग्रंथ साहिब में कहा गया है कि आज समाज मे जो आपसी द्वेष, ईर्ष्या, क्रोध बढ़ रहा है उसका मूल कारण हम सब का धर्म से दूरी बनाना, धार्मिक कार्य तन, मन से न करके सिर्फ ओपचारिकता निभाने तक व इस बात को साबित करने में की मेरा धर्म बड़ा व दूसरे का छोटा करने में रह गए है। कार्यकम में रंजीत सिंघ मुख्य सेवादार, जगजीत सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, तजिंदर सिंघ, सतवंत सिंघ, अमरजीत सिंघ, अमनपाल सिंघ, जगमोहन सिंघ, सुरेंदर सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, अंगपाल सिंघ, सुरेन्द्र सिंघ, सम्पूर्ण सिंघ, जसपाल सिंघ, महेंद्र सिंघ, अमरजीत सिंघ, सुरेंदर सिंघ आदि कमेटी सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान गुरु का लंगर अटूट बरता गया।

# पांच दिवसीय पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का किया स्वागत

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा के दर्शनार्थ ग्राम भट्टपुरी बाजपुर से पैदल यात्रा पर निकले तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं का गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर, केला खेड़ा,सूरजपुर,महतोष् , गुरुद्वारा गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज, पछियापुर नरेंद्र सिंह ,हरि सिंह,सादा सिंह ,राजेंद्र सिंह ,ज्ञान सिंह, अवतार सिंह, दलजीत सिंह, कुलदीप सिंह,लवी सिंह द्वारा गुरु का लंगर वितरण करके श्रद्धालुओं का स्वागत किया रात्रि विश्राम करते हुए पैदल यात्रियों द्वारा सत्संग किया गया । इस दौरान गुरुद्वारा गुरु नानक महतोष करनी और बांटकर खाना गुरु नानक देव जी और गुरु ग्रंथ साहिब जी का उद्देश्य है पैदल यात्रा के माध्यम से उनके द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर उक्त संदेश देने के साथ सेवा और सिमरन करने की भी प्रेरणा दी जा रही है उन्होंने कहा तीसरी यात्रा के दौरान संगत का अमूल्य सहयोग श्रद्धालुओं को गुरबाणी की पुस्तकें, बैग एवं महिलाओं को दुपट्टे भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य तथा सफल यात्रा की कामना की । इस मौके पर अमरजीत सिंह,मंगल सिंह, गुरमेल सिंह,कश्मीरा सिंह,गुरमीत सिंह, जोगिंदर सिंह,प्रगट सिंह,पारसदीप सिंह,कमलप्रीत





,बिलासपुर एवं अन्य स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया डेरा नानक निवास भट्टपुरी बाजपुर से मुख्य सेवादार बाबा जसवंत सिंह के नेतृत्व में लगभग तीन दर्जन श्रद्धालु पैदल यात्रा एवं विभिन्न स्थानों पर पड़ाव करते हुए गुरुद्वारा नानक पुरी टांडा पहुंचने के लिए रवाना हुआ । गुरुद्वारा सिंह सभा में पहुंचने पर अध्यक्ष पहुंचने पर स.बलकार सिंह ,कृपाल सिंह नौनिहाल सिंह द्वारा स्वागत एवं नाश्ते की सेवा ,ग्रंथि कृपाल सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत ष्बोले सो निहाल सत श्री अकालष्के जयकारों से पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओंका स्वागत किया गया । पैदल यात्रा के आयोजक बाबा जसवंत सिंह ने कहा नाम जपना, कीरत करनी तथा विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों द्वारा सेवा किया जाना गुरु की मर्यादा के अनुरूप है,उन्होंने सभी का धन्यवाद करते हुए गुरु वाले बनने का आह्वान किया । इस दौरान सिख मिशनरी कॉलेज सर्किल गदरपुर के इंचार्ज देवेंद्र सिंह,सिख प्रचारक सभा के मुख्तार सिंह एवं कृपाल सिंह गुंबर द्वारा पैदल यात्रा में शामिल सभी सिंह,उत्तम सिंह, गुरविंदर सिंह हरजिंदर सिंह हीरा, सुखविंदर कौर सिंह,गुरमीत कौर,मनदीप कौर,गुरप्रीत कौर,हरभजन कौर, सिमरन कौर, संदीप कौर,पवनीत कौर,अमनदीप कौर, सहजदीप कौर, गुरविंदर कौर, जसवंत कौर,परमजीत कौर,महेंद्र कौर, सुरजीत कौर एवं मनजिंदर कौर सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे ।

# सीएम धामी ने किया इन्वेस्ट उत्तराखंड लोगो और वेबसाईट का लोकार्पण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के लिए सरकार ने छह हजार हेक्टेयर से अधिक का लैंड बैंक तैयार किया गया है। प्रदेश सरकार ने दिसंबर में प्रस्तावित वैश्विक निवेश सम्मेलन के लिए ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है। इसमें तय लक्ष्य से ज्यादा निवेश आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश की जीएसडीपी को भी दोगुना करना है।शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजपुर रोड स्थित होटल हयात सेंट्रिक में वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लोगो इन्वेस्ट उत्तराखंड और वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस सम्मेलन की टैग लाइन 'पीस टू प्रोस्पेरिटी' रखी गई है। इसका आयोजन एफआरआइ परिसर में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश करने के लिए कई औद्योगिक समूह करार करने के लिए आगे आ रहे हैं। प्रदेश में स्थापित सभी औद्योगिक समूह ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम बढ़ाए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश के अनुकूल माहौल बनाया जा रहा है। प्रदेश में उद्योगों के अनुकूल



नीतियां बनाई जा रही हैं। हाल ही में नई 27 नीतियों को मंजूरी दी गई है। प्रदेश में पहले से ही मौजूद उद्योग अपना और विस्तार करने को तैयार हैं। इससे 20 हजार करोड़ का और निवेश होगा। सम्मेलन के लिए लगातार तैयारियां की जा रही हैं। दिल्ली में विभिन्न औद्योगिक समूहों के साथ हुई बैठक में सकारात्मक रुख देखने को मिला है। प्रदेश में उद्योगों के संबंध में अच्छे सुझाव मिले हैं। जिन पर कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक सम्मेलन की सफलता से हम प्रदेश की तरक्की में भी योगदान दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जो आंकड़े जारी हो रहे हैं, वे उत्साहवर्द्धक हैं। उत्तराखंड में अभी तक लोग शांति के लिए आते थे अब निवेश के लिए आ रहे हैं। यानी प्रदेश पीस और टूरिस्ट डेस्टिनेशन के साथ ही इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले निवेशक सम्मेलन के अनुभव के आधार पर भी कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन पूरे प्रदेश का है। उन्होंने इस सम्मेलन की सफलता के लिए सभी से समन्वय व सहयोग की अपील भी की। मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ने से रोजगार के द्वार खुलेंगे। सम्मेलन की सफलता के लिए सभी विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा गया है। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विधायक दुर्गेश्वर लाल, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी समेत उद्योग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्पेशल एजुकेशन जोन के लिए 20 मानकों के अनुरूप कार्य योजना तैयार करें : सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए स्पेशल एजुकेशन जोन हेतु निर्धारित सभी 20 मानकों के अनुरूप कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने स्पेशल एजुकेशन जोन हेतु प्रस्तावित कार्य योजना की विकास भवन सभागार में समीक्षा करते हुए दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग आपसी समन्य से 4 दिन के भीतर प्रभावी कार्य योजना तैयार कर, प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रस्तावित गतिविधियों एवं क्षेत्रों को चिन्हत करते हुए, उसके



चिन्हांकन का स्पष्ट करण लिखे हों। सीडीओ ने कम महिला साक्षरता वाले स्थानों, अल्पसंख्यक बालिकाओं, अध्ययन निर्देशों का मातृ भाषा से भिन्नता, असामान्य लैंगिक अनुपात, खनन, वन गुर्जर क्षेत्रों, सीमान्त क्षेत्रों आदि पर भी विशेष ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिये।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, एसीएमओ डॉ.डीपी सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# आदित्य एल-1 की सफलता पूर्वक लॉचिंग पर जताया हर्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। चांद पर झण्डा गाढ़ने के बाद अब इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा सूर्य मिशन के लिए आदित्य एल-1 की सफलता पूर्वक लॉचिंग पर वार्ड नंबर 35 आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में मेयर रामपाल सिंह यान की लॉचिंग पर मेयर रामपाल सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि चन्द्रयान 3 की सफलता के बाद अब भारत ने एक और नया इतिहास रचा है। इसरो के वैज्ञानिकों ने भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में एक और एक कदम बढ़ाया



और पार्षदों ने वार्ड वासियों के साथ हर्ष व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरित किया और इसरो के वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य-एल1 अंतरिक्ष है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। मेयर ने कहा कि सूर्य मिशन के लिए आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। इसी के साथ ही 125 दिनों के लंबे सफर में सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने का सिलसिला शुरू हो गया है। आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। यह भारत के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण होगा। भारत आज विश्व गुरू बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहा है। आज दुनिया भर के देश भारत ताकत का लोहा मान रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद निमित्त शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, सुनील कुमार, शैलेंद्र रावत, विनय विश्वास, भवन गुप्ता, डॉ राकेश सिंह, अंबर सिंह, विधान राय, गणेश राय, डॉ ईश्वर मालिक, अशोक राय तपन मजूमदार, गुनोधर गुहा, संजय विश्वास, प्रदीप गोल्दार, हीरा, श्याम सरकार, रंजन समझदार, जगदीश कराती, कृष्णा देवनाथ शाहिद तमाम वार्ड वासी मौजूद रहे ।

# बिचपुरी में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन

सितारगंज(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा की अध्यक्षता में बिचपुरी सितारगंज में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। एसटी आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने दीप जलाकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, बाल विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, राजस्व विभाग, सहकारिता, उद्यान सहित 18 विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण



किया और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। शिविर में कार्मिकों ने जन कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और पत्रों को मौके पर ही लाभान्वित भी किया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा विभिन्न समस्याएं रखी गई, जिसमे से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिन समस्याओं का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया, उन समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागों के कार्मिकों को दिए। श्रीमती राणा ने एसटी आयोग के क्रियाख्रकलापों, अनुसूचित जनजाति के पीड़ित व्यक्तियों की आयोग में सुनवाई आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी व्यक्तियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा शिविर के एक दिव्यांग व्यक्ति को बेशाखी वितरित की गई। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, खण्ड विकास अधिकारी सीपी आर्य, तहसीलदार राजेंद्र सनवाल आदि उपस्थित थे।

# छत्तरपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छतरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं होने



पर क्षेत्रवासियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम को सौंपकर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की। ज्ञापन में प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि छतरपुर रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज बनने की संस्तुति के बाद भी निर्माण कार्य में देरी होने के चलते हजारों यात्रियों को प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ता है, सिडकुल तथा जिला मुख्यालय नजदीक होने के चलते इस मार्ग पर जाम के चलते बहुत ज्यादा यातायात प्रभावित होता है। अपर जिलाधिकारी ने तत्काल पीडब्ल्यूडी के एक्सियन से दूरभाष पर संपर्क किया और निर्माण कार्य में देरी होने का कारण पूछा। जिस पर विनोद प्रसाद डबरियाल ने कहा हरियाणा के खन्ना कंस्ट्रक्शन कंपनी को कॉन्ट्रेक्ट मिला है अभी साइट टेस्टिंग का काम चल रहा है जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल ने एक माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पंत, फरमान सिद्दीकी, शैलेंद्र प्रताप सिंह, मंगल सिंह, विजय सिंह, गणेश सरकार तपन सरकार आदि उपस्थित थे।

# पुन: जिलाध्यक्ष बनने पर भुड्डी का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल में एक बार पुन: राजकुमार भुड्डी को जिलाध्यक्ष बनाये



जाने पर एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आढती एशोसिएशन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर बड़ी ही गर्म जोशी के साथ जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। शनिवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा की संतुति पर राजकुमार भुड्डी को एक बार फिर जिलाध्यक्ष पद की कमान सौपी गई। राजकुमार भुड्डी को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलने पर आढती एशोसिएशन के द्वारा एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन अनाज गल्ला मंडी में किया गया। समारोह में आढती एशोसिएशन के अध्यक्ष सतीश घीक के नेतृत्व में आढ़तियों ने पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण कर राजकुमार भुड्डी का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उत्तरांचल पंजाबी महासभा के द्वारा भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार भुड्डी ने कहा कि वह दोबारा विश्वास जताने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वह सदैव व्यापारियों के हितो की रक्षा करने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वागत करने वालों में सुशील घीक, अशोक हुड़िया, लेखराज भुड्डी, सुभाष खुराना, गौरव गुंबर, आलोक सरना, अजय खेड़ा, राजकुमार ढींगरा, टीकम खेड़ा, संजीव अनेजा, कृष्ण लाल सुधा, सतीश, ऋषि भुसरी, गौरव भुड्डी सहित काफी संख्या में व्यापारी गण मौजूद रहे ।

# समस्याओं को लेकर किसानों ने मंडी सचिव को दिया ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं ने मंडी सचिव को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौपा। जिसमें नवीन मंडी बनकर तैयार हो चुकी है लेकिन किसान भवन की नींव अभी तक नहीं रखी गई और किसानों की फसल को बचाने के लिए शेड का निर्माण भी नहीं हुआ है करवाये जाने की मांग की गयी।भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल से जुड़े किसान प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व में अनाज मंडी स्थित मंडी कार्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने मंडी सचिव योगेश चंद तिवारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया, नवीन मंडी का निर्माण पूरा हो चुका है और 15 सितंबर को व्यापारी नवीन मंडी में धान को लेकर आयेंगे लेकिन किसानों के लिए



किसान भवन की अभी तक नीव तक नहीं रखी गई। प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने कहा, मंडी स्थल पर किसानो की फसल को बरसात से बचने के लिए कोई शेड नहीं है। शेड न होने की वजह से बरसात होने पर किसनों की की लाखों की फसल बर्बाद हो सकती है। इसके लिए शेड का होना जरूरी है। जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया ने कहा,मंडी स्थल पर कोई भी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ जिससे लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा भारतीय किसान यूनियन नवीन मंडी शुरू करने के पक्ष में है लेकिन किसानों की समस्याओं का उच्च अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में जब मंडी समिति अध्यक्ष योगेश चंद तिवारी से बात की गई तो उनका कहना था कि ज्ञापन की प्रति उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा किसानों की समस्याओं के निराकरण का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर रजत सिंह ,सविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, अमर सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# होली चाइल्ड स्कूल की छात्रा सुबुक मुस्कान बनी सिविल जज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के जगत में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। विद्यालय की पूर्व छात्रा व केमरी, जिला-रामपुर निवासी सुबुक मुस्कान, वर्ष-2022 बैच ने 30



सितम्बर 2023 को घोषित रिजल्ट में अपनी लगन व कठिन प्रयासों से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यू.पी.सी.एस.सी.) द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की परीक्षा में 29वीं रेंक अर्जित विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आज विद्यालय में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी व उप-प्रधानाचार्य (अकॉदमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी ने सुबुक मुस्कान को बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया। सुबुक मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता द्वारा प्रदत्त संस्कारों, स्कूल द्वारा प्राप्त बुनियादी शिक्षा व शिक्षकों एवं अपनी कढ़ी मेहनत को दिया। उसने बताया कि किसी भी परीक्षा के लिए सतत् प्रयासरत् रहना चाहिए उसके परिणाम से भयभीत नहीं होना चाहिए। प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने बताया कि होली चाइल्ड स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर विगत वर्षों में अनेकानेक विद्यार्थी उच्च पदों पर आसीन हो चुके हैं। इससे पूर्व स्कूल के मेधावी छात्र लोकेश दताल सिविल सेवा परीक्षा 2015, एश्वर्य वर्मा ने 2021 बैच में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान व ए.आई.आर.-4 अर्जित किया तथा छात्रा तान्या मिड्ढा ने पी.सी.एस. (जे) वर्ष-2022 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुबुक मुस्कान की इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, श्रीमति मंजू अधिकारी, कोआर्डिनेटर श्रीमति जसपाल कौर तथा समस्त विद्यालय परिवार ने सराहना करते हुए हार्दिक बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों की आड़ में नेतागिरी चमकाना बंद करें बेहड़: शर्मा

रूद्रपुर। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने बाजपुर के किसानों के समर्थन में पूर्व मंत्री बेहड़ द्वारा दिये गये धरने को नौटंकी करार दिया है। उन्होंने बेहड़ को किसानों की आड़ में राजनीति बंद करने की नसीहत दी है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने जारी बयान में कहा कि पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ बाजपुर के मामले में सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर अपनी नेतागिरी चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बेहड़ के धरने को नौटंकी बताते हुए कहा कि बाजपुर में किसानों के प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गंभीर हैं। क्यों कि यह मामला 1950 से ही लंबित चला आ रहा है किसी ने अब तक इसमें कोई पैरवी नहीं की। खुद को तराई का शेर बताने वाले बेहड़ अब तक कहां सोये थे, उन्हें किसानों को इसका जवाब देना चाहिए। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दशकों पुराने मामले के समाधान का रास्ता निकालने जा रहे हैं तो पूर्व मंत्री बेहड़ किसानों की आड़ लेकर राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाजपुर के किसानों को जमीनों के मालिकाना हक में आ रही दिक्कतों को लेकर जिलाधिकारी से पूरी जानकारी ली थी, जिसमें जिलाधिकारी ने खुद सीएम को यह जानकारी दी कि वर्ष 1950 से अब तक इस मामले में कोई पैरवी शासन स्तर



पर नहीं की गयी जिसके चलते ही यह मामला लंबित चला आ रहा है। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत जिलाधिकारी को इस प्रकरण के निस्तारण के लिए जरूरी प्रशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश भी दे दिये हैं। अब जिला प्रशासन के स्तर से किसानों के हित में कागजी कार्रवाई शुरू हो गयी हैं। जरूरी कागजी कार्रवाई के बाद शासन तक फाईल पहुंचते ही किसानों को मालिकाना हक मिलना तय है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री खुद संवेदनशील हैं किसान भी मुख्यमंत्री के आश्वासन से संतुष्ट हैं, जिनकी जमीनें हैं उन्हें सरकार से कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कांग्रेस के पूर्व मंत्री बेहड़ किसानों के कंधे पर बंदूक चलाकर अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश में किसानों को बरगला रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि बेहड़ जिन दो लोगों पर पैसे लेकर फाईलें पास कराने के आरोप लगा रहे हैं उनके नाम सार्वजनिक करें और यदि बेहड़ की बात में जरा सी भी सच्चाई है तो विजिलेंस को सूचित करके भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अन्यथा ऐसी अनर्गल बयानबाजी बंद करें। श्री शर्मा ने कहा कि सीएम धामी भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े हैं उनके राज में कई बड़े बड़े भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका है। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि धामी सरकार किसी भी सूरत में किसानों का अहित नहीं होने देगी। बाजपुर के किसानों का मसला जल्द ही हल किया जायेगा। उन्होंने किसानों से धैर्य रखने की अपील की है।

# मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार एवं भंडारा हल्द्वानी रोड, रेलवे लाइन पार, नानक नगर, बंडिया, किच्छा में हरद्वारी लाल गंगवार की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें



पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों साथ , बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने मेंहदीपुर के बालाजी, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, कालू मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, आयुष अरोरा ने देना है तो दे दे, संजीव कुमार ने आज तो कैलाश माही आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, हरीश कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, विशाल मदान, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, गोविंद कुमार, विपुल, वैभव गगनेजा, हरीश कालरा, विराट कुमार आर्य, राजा राधे, मनीष गोयल विक्की यादव, मोहित देवल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com

गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682 चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9668869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084 रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरुनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कारागारों में कैदियों की मौत

कारागारों में मानवीय वातावरण बनाने की सिफारिश लंबे समय से की जाती रही है। इसके मद्देनजर सुधार के कुछ उपाय भी आजमाए जा चुके हैं। जेल नियमावली को मानवीय बनाने का प्रयास किया गया। मगर हकीकत यह है कि जेलों में मिलने वाली यातनाओं, जेल कर्मियों की लापरवाही, बाहरी तनावों और वंदियों के परस्पर संघर्ष की वजह से हर साल सैकड़ों कैदी अपनी जान गंवा देते हैं। जेलों में सुधार संबंधी सिफारिशें देने के मकसद से पांच साल पहले सर्वोच्च न्यायालय ने एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुआई में तीन सदस्यों की समिति गठित की थी। उस समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 2017 से 2021 के बीच जेलों में 817 अप्राकृतिक मौत हुईं, जिनमें से सबसे अधिक मौत की वजह आत्महत्या थी। इस दौरान 660 लोगों ने खुदकुशी कर ली, 41 की हत्या कर दी गई, जबकि 46 आकस्मिक मौत थीं। सात कैदियों की मौत बाहरी तत्त्वों के हमले और जेल कर्मियों की लापरवाही या ज्यादती के कारण हुई। जेलों में खुदकुशी की सबसे अधिक, एक सौ एक, घटनाएं उत्तर प्रदेश में दर्ज हुईं। उसके बाद पंजाब और पश्चिम बंगाल में क्रमश: तिरसठ और साठ कैदियों ने आत्महत्या की। जो प्राकृतिक मौतें हुईं उनमें वृद्धावस्था, बीमारी जैसे कारण थे। वृद्धावस्था के कारण 462 और बीमारी के कारण 7,736 कैदियों की मौत हुई। समिति ने अपनी सिफारिशों में जेलों में कुछ महत्त्वपूर्ण बदलाव के सुझाव देते हुए चिंता जताई है कि हिरासत में कैदियों को यातना और उनकी मौत नागरिकों के बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन और मानवीय गरिमा का अपमान है। हालांकि जेलों की दुर्दशा पर अनेक बार चिंता जताई जा चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय खुद कई बार कह चुका है कि जेलों में भीड़भाड़ कम करने के लिए विचाराधीन कैदियों के मामलों की त्वरित सुनवाई की जानी चाहिए। ऐसे कैदियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र रिहा किया जाना चाहिए जो अपने ऊपर लगे आरोप में तय अधिकतम सजा से अधिक समय जेल में बिता चुके हों। मगर जांच, गवाही, सुनवाई आदि में देरी की वजह से मामूली जुर्म के आरोप में भी बहुत सारे लोग वर्षों विचाराधीन कैदी के रूप में कारागार में बंद रहते हैं। इससे जेलों पर दबाव लगातार बढ़ता गया है।ज्यादातर जेलों में क्षमता से कई गुना अधिक कैदी रखे गए हैं। इस तरह न तो उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो पाती हैं, न उन पर समुचित ध्यान दिया जा पाता है। सुरक्षा में भी इसी वजह से चूक होती है। जेलों का मकसद कैदियों में सुधार की संभावना पैदा करना होता है। बेशक जाने या अनजाने किए किसी जुर्म की वजह से उन्हें जेल में डाल दिया गया हो, मगर वहां भी उन्हें मानवीय गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। यह बात जेल प्रशासन शायद ही कभी ध्यान रखता है। जेलों में दी जाने वाली यातनाएं, उन्हें रहने-खाने, चिकित्सा संबंधी सुविधाओं में घोर उपेक्षा जगजाहिर है। उत्तर प्रदेश इस मामले में सदा से कुख्यात रहा है। हिरासत में होने वाली मौतों के सबसे अधिक मामले वहीं दर्ज होते हैं। मगर सर्वोच्च न्यायालय की बार-बार फटकार और जेलों में सुधार की जरूरत रेखांकित किए जाने के बावजूद जेल प्रशासन के रवैए में कोई बदलाव नजर नहीं आता। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति ने अपनी सिफारिशों में जेल कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण की जरूरत रेखांकित की है। यह कितना और कैसे संभव होगा, देखने की बात है।

# पार्वती दास के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, सीएम धामी गदगद

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मुहर लगाने के लिये जनता तैयार : धामी





बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पार्वती दास के समर्थन में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा बागेश्वर के गरुड़ में आयोजित भव्य रोड शो में प्रतिभाग कर विशाल जनसभा को संबोधित किया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रोड शो में उमड़ा जन सैलाब पार्वती दास के समर्थन में उतर आया है। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास को विकास पुरूष बताते हुए उपचुनाव में भारी संख्या में मतदान कर उनकी पत्नी को विजय बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछली बार से भी ज्यादा वोट इस बार बीजेपी प्रतियाशी को मिलेंगे। शनिवार को रामलीला मैदान में आयोजित चुनावी सभा में भीड़ देख गदगद हुए सीएम धामी बोले कि बागेश्वर का उप चुनाव भारत वर्ष में एक संदेश लेकर जाएगा। बागेश्वर एक धार्मिक भूमि हैं। पीएम मोदी उत्तराखंड के सभी धार्मिक स्थलों के विकास के लिए रात दिन लगे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय केबिनेट मंत्री दास ने कई विकास कार्य किए। उन्होंने कांग्रेस पर जनता को बरगलाने का आरोप लगाया। सरकार उत्तराखंड के हर गांव के विकास लिए काम कर रही हैं। गरुड़ में मेडिकल कॉलेज भी बनेगा। सीएम ने कहा कि ये चुनाव विकास का चुनाव है। सभा को केबनिट मंत्री रेखा आर्य, सुबोध



उनियाल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट, सांसद अजय टम्टा राजेन्द्र बिष्ट, बीजेपी जिलाध्यक्ष इंद्र फर्स्वाण पुष्कर काला, बसंती देव् बीजेपी प्रत्याशी पार्वती दास आदि ने संबोधित किया। सीएम धामी ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार की जन कल्याकारी योजनाओं बाबा बैजनाथ के आशीर्वाद और देवतुल्य जनता के अपार स्नेह व समर्थन से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पार्वती दास जी प्रचंड मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगी और स्व. चंदन राम दास जी द्वारा संचालित विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि बागेश्वर विधानसभा के विकास हेतु हमारी सरकार सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण एवं युवाशक्ति को रोजगार से जोड़ने हेतु निरंतर क्रियाशील है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत हम क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का भी पुनरुद्धार करने जा रहे हैं। बागेश्वर विधानसभा की समस्त देवतुल्य जनता से अपील करता हूं कि आने वाली 5 तारीख को कमल के फूल के सामने वाले बटन को दबाकर डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र की विकास यात्रा को सुनिश्चित करें। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विशाल संख्या में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रतीक है कि सरयू और गोमती के पावन संगम पर स्थित बागेश्वर क्षेत्र की जनता भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मुहर लगाते हुए पार्वती जी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने को तैयार है। हमारी सरकार बागेश्वर क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित है, बागेश्वर विधानसभा की समस्त देवतुल्य जनता 5 सितंबर को कमल का बटन दबाकर भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुनकर क्षेत्र की विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति देने जा रही है।

# भाजपा को षडयंत्रों का करारा जवाब देने का मन बना चुकी है बागेश्वर की जनता : बसंत कुमार

## पूर्व सीएम हरदा, यशपाल आर्य सहित कांग्रेस के दिग्गजों ने किया ताबड़तोड़ जनसम्पर्क

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में बागेश्वर विधानसभा के उपुचनाव को लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में सियासी दलों के बीच घमासान मचा हुआ है। विपक्षी दली कांग्रेस के प्रत्याशी एड. बसंत कुमार ने फैलाकर जनता में मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे, लेकिन मेरा समस्त अपने विधान सभा के मतदाताओं से अनुरोध है कि इस बार इनके बहकावे में न आने का आपने मन बना लिया है उसे यूं ही 5 सितंबर तक बरकरार रखें। धपोला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह टंगड़िया, भैरवनाथ टम्टा, खजान चंद्र गुड्डू, गोपाल राम टम्टा, कवि जोशी सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन तहसील रोड पर कांग्रेस प्रत्याशी श्री बसंत कुमार एडवोकेट के समर्थन में जनसंपर्क कर क्षेत्र वासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।वहीं दूग बाजार बागेश्वर में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के लिए जनता





ताबड़तोड़ जनसम्पर्क कर लोगों से मतदान की अपील करते हुए भाजपा को मुहतोड़ जवाब देने आह्वान किया। गत दिवस चामी क्वैराली सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रो में जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड हरीश रावत जी ने उपस्थित देवतुल्य जनता से कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने हेतु अपील की। इस अवसर पर प्रत्याशी बसंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हार के डर से बौखलाकर प्रशासन का दुरुपयोग कर चुनाव जीतने का जो षड्यंत्र कर रही है उसका मुंहतोड़ जवाब बागेश्वर की महान जनता जरूर देगी। वो विभिन्न प्रकार के अफवाह क्योंकि आपकी एक वोट आपके बच्चों की नौकरी के लिए है, आपकी वोट आपके बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। बागेश्वर विधानसभा उप चुनाव के क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड हरीश रावत के नेतृत्व में नगर भ्रमण कर देवतुल्य जनता से भारी मतों से विजयी बनाने हेतु अपील की। इस अवसर पर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, द्वाराहाट विधायक मदन बिष्ट, पूर्व मंत्री गणेश गोदियाल, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, प्रदेश महामंत्री महिला कांग्रेस गीता रावल, जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस गोपा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आगामी पांच सितंबर को कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के सामने वाला बटन दबाकर एक बार बागेश्वर की सेवा करने का अवसर जरूर दें। विधानसभा बागेश्वर के जनार्दन से पांच सितंबर को वोट देने की अपील की। साथ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशपाल आर्य, गोविंद सिंह कुंजवाल, गणेश गोदियाल, मनोज तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## बेरोजगार युवा परीक्षा दे रहे हैं लेकिन नौकरी नहीं मिल रही: हरीश रावत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि भर्ती परीक्षाओं में चल रही धांधली को सरकार बंद नहीं कर पायी है। जिससे गरीब वर्ग के लोगों के बच्चे पिछड़ रहे है। उन्होंने कहा कि कम अंक लाने वाले को नौकरी देने और अधिक वाले को बाहर रखने का हुनर भाजपा के पास है। बागेश्वर के हर व्यक्ति को यह बात पता है। इसी का जवाब देने के लिए बागेश्वर की जनता आतुर है। महंगाई से आज गरीब लोगों का जीना मुहाल है। उनके कार्यकाल में जो सामान 10 रुपये में मिलता था, आज 30 रुपये का हो गया है। गरीबों की आवाज सुनने वाली पार्टी कांग्रेस है। उसी से अब लोगों को उम्मीदें हैं। वहीं दुग बाजार में आयोजित सभा में पूर्व सीएम रावत ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिए तीलू रौतेली पेंशन योजना शुरू की। उस पेंशन योजना को भाजपा ने बंद कर दिया है। गरीबों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को भी बंद कर दिया है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं। विकास कार्य ठप हैं। नौकरी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। छह साल से बेरोजगार परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन नौकरी नहीं मिल रही है। भर्ती घोटालों की जांच करने की मांग करने वालों को लाठी और डंडे के बल पर चुप कराने का काम हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग त्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में भाजपा पूरी तरह घबराई हुई है। बागेश्वर के लोगों ने कांग्रेस को जिताने का मन बना लिया है। पांच सितंबर को वह अपना निर्णय दे देंगे।

## सबके जेब से रुपये निकालकर कांग्रेस को किया बदनाम : माहरा

बागेश्वर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा की पुलिस की टीम ने शुक्रवार को जो रुपये पकड़े उसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने का काम किया गया है। उस वाहन में पांच लोग सवार थे, सबके पास पैसे पड़े थे। सबके जेब से रुपये निकालकर कांग्रेस को बदनाम करने का माहौल बनाया जा रहा है। यह काफी निंदनीय है। शनिवार को स्थानीय एक होटल पर पत्रकार वार्ता के दौरान करन माहरा ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी बसंत कुमार के चुनाव प्रचार में लगे कार्यकर्ताओं के लिए खाने के रुपये भी पुलिस प्रशासन नहीं रखने दे रहा है। जिले में तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। कहा कि वर्तमान में हर किसी की जेब में 20 से 40 हजार होते हैं। जबरन सभी के जेब से रुपयों को निकालकर एकत्र किया गया है। कहा कि बाबी पवार पर जिस तरह बयान दिए जा रहे हैं, वह दु:खद हैं। वह बेरोजगार युवाओं के लिए लड़ रहा है, फिर भी उसे बदनाम किया गया है। सीएम को दो दिन यहीं रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस पर भाजपा लगातार परिवारवाद का आरोप लगाती है। आज यहां खुद परिवारवाद के जाल में फंसी हुई है।



## भाजपा सत्ता के मद में चूर: काशी सिंह ऐरी

गरुड़ (उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने उपुचनाव में यूकेडी प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा व कांग्रेस ने बारी-बारी से प्रदेश को लूटा। उन्होंने कहा कि जनता के पास उक्रांद ही एकमात्र विकल्प है। रामलीला मैदान गरुड़ में आयोजित जनसभा में उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने कहा कि भाजपा सत्ता के मद में चूर हो गई है। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने और उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान केंद्रीय प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, एडवोकेट डीके जोशी उपस्थित थे।

# हार्टी टूरिज्म के रूप में विकसित किया जायेगा चौबटिया सेब बागान: जोशी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। चौबटिया सेब बागान को हार्टी टूरिज्म के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे यहॉ पर्यटन की सम्भावनाओं को और अधिक बढ़ावा जा सकेगा। यह बात मंत्री कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक



कल्याण गणेश जोशी ने रानीखेत, चौबटिया स्थित सेब बागान के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि चौबटिया गार्डन का अपना एक अलग इतिहास है जिसका अपना एक रिसर्च सेन्टर भी हुआ करता है यहीं से लोग शोध करने अन्य प्रदेशों ने इसको अपनाया और उद्यान क्षेत्र में आगे बढ़ सके। मंत्री ने कहा कि इस उद्यान को किस तरह से विकसित किया जा सके इसके लिये अधिकारियों के साथ वार्ता की जायेगी। इस दौरान मंत्री ने बागान को विकसित किये जाने हेतु कार्य योजना के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी ली। उन्होंने बागान में लगाये जा रहे नई प्रजाति के पेड़ जैसे सेब, पुलम, आडू सहित अन्य पौधों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित किया जाय ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आ सके और जिससे उद्यान की आय से बढ़ोत्तरी हो सके। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने बागान के निरीक्षण के दौरान रोपित की गयी नई प्रजातियों के पौधों को देखा और उनके फलोत्पादन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्लैन्डल्यूमेगा-इण्टर स्टॉक जिन्वा-11 प्रजाति के सेब के पौधे का रोपण किया। गणेश जोशी बन्द पड़े रिसर्च सेन्टर को पुन: स्थापित करने के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिये 08 हॉट यहॉ पर प्रस्तावित है उन्हें जल्द ही इन हॅटो को बनाया जायेगा ताकि आने वाले पर्यटक यहॉ पर आ कर रूक सके। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मा0 मंत्री को अवगत कराया कि सेना की वजह यहॉ पर पर्यअकों को आने व जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसके लिये यहॉ आने के लिये लोगों द्वारा एक लिंक मार्ग का सुझाव दिया है। जिस पर उन्होंने कहा कि जल्द ही सम्बन्धित अधिकारियों से इस सम्बन्ध में वार्ता की जायेगी। इस दौरान उद्यान अधीक्षक डॉ0 ब्रजेश कुमार गुप्ता द्वारा मा0 मंत्री को जानकारी दी कि खुबानी की दो प्रजातियां बोलेरो और रुबेली के 72 पौध रोपित किए गए हैं तथा पौधालय में भी इसके पौधे तैयार किए जा रहे हैं उद्यान में सेब की गेलेंट ल्यूमागा, रेड लव, गाला नोर्गे, कैंडी फ्यूजी, लेडी इन रेड सहित सेब की नवीनतम प्रजाति के पौधे रोपित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि खुबानी की यह प्रजाति उत्तराखण्ड में पहली बार लगाई जा रही हैं। इनकी खासियत है कि ये है कि रंग पूर्ण रूप से लाल होता है। साथ ही उद्यान में चेरी, खुबानी, प्लम, नाशपाती, अखरोट के अलग-ब्लॉक बनाए गए हैं उन्होंने उद्यान में हो रहे विकास कार्यों को लेकर प्रसन्नता जताई और एक्सीलेंस सेंटर के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मा0 मंत्री ने हार्टी टूरिज्म के बारे में महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान से फोन पर वार्ता की। इस दौरान संयुक्त मजिस्टेट रानीखेत जय किशन, अपर निदेषक आर0के0 सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा लीला बिष्ट, पूर्व उपाध्यक्ष कैण्ट बोर्ड मोहन नेगी, दीप भगत, संजय पंत, प्रदीप बिष्ट,दर्शन बिष्ट, उमेश पंत, जिला विकास अधिकारी एस0के0पंत, मुख्य कृषि अधिकारी डी0 कुमार,मुख्य उद्यान अधिकारी सतीश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# भागवत कथा से पूर्व आयोजकों ने धूमधाम से निकली कलश यात्रा

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के आयोजन को लेकर नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का प्रारंभ इंदिरा गांधी खेल मैदान से हुआ। कथा स्थल संजीव खन्ना के मिल में जाकर यात्रा संपन्न हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के तमाम उद्योगपतियों द्वारा संजीव खन्ना मिल में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। 4 सितंबर से 11 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का बखान लक्ष्मण दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाएंगे जो 11सितंबर



तक सम्पन्न होंगे।कथा में सुखदेव आगमन, प्रहलाद चरित्र, बाल लीला, 56 भोग महोत्सव, सुदामा चरित्र, ध्रुव अवतार ,श्री राम चरित्र ,कृष्ण जन्मोत्सव, एवं नंदोत्सव ,गोपी चरित्र, महाराज महोत्सव ,रुक्मणी विवाह महोत्सव, परीक्षित मोक्ष, होली महोत्सव पर व्याख्यान किया जाएगा। राइस मिल के स्वामी संजीव खन्ना ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का विभिन्न चैनलों पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस कार्य क्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गिरधारी लाल गोयल ,पूनम अग्रवाल, अजय पाल यादव, ईश्वर जिंदल, किशन गोयल, विनोद फुटेला, श्रीकांत राठौर ,श्रीमती रेखा यादव, सर्वेश मिश्रा, जीवन सिंह डसीला, मनोज गोयल, अभिषेक सक्सेना, आरके उपाध्याय, वेद गोयल, अनिल गोयल ,अभिषेक मित्तल, प्रियांशु शर्मा, आकाश गंगवार ,के अलावा श्रीमती पूनम अग्रवाल, सुनीता यादव, राजबाला गोयल, सीमा गोयल ,शैली पटेल दया, रस प्रीति मिश्रा ,गीता पंत, गीता राठौर, सुभाष सिंह ,गीता पाल, मधु गुप्ता, के अलावा राजीव सक्सेना, सहित तमाम लोगों ने सहयोग प्रदान किया है।

# बाल संस्कार अभियान में बच्चों को पढ़ाया अध्यात्म का पाठ

काशीपुर(उद संवाददाता)। जय मां भारती फाउंडेशन के द्वारा 'बाल संस्कार अभियान' के अंतर्गत नगर में 12 स्थानों पर श्री रामचरितमानस पाठ का उच्चारण का आयोजन बच्चों के द्वारा कराया गया। राष्ट्रीय सचिव जय मां भारती फाउंडेशन जसोदा शर्मा ने बताया कि रामायण की चौपाई के साथ उसका भावार्थ में माता-पिता गुरु और स्वामी की भक्ति के बारे में भगवान राम ने किस प्रकार से लक्ष्मण जी को वन जाने के लिए रोकने के लिए समझाते हैं इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा - मातु पिता गुरु स्वामी सिख धरि करहि सुभायं। लहेउ लाभु तिन्ह जन्म कर नतरु जनमु जग जायं।। अर्थात भगवान राम लक्ष्मण जी को वन जाने से रोकने के लिए समझाते हुए कहते हैं कि जो लोग माता-पिता ,गुरु और स्वामी की शिक्षा को स्वाभाविक रूप से ही सिर चढ़ा कर उसका पालन करते हैं , उन्होंने ही जन्म लेने का लाभ पाया है, नहीं तो जगत में जन्म लेना ही व्यर्थ है। प्रथमे न



अर्जितम विद्या ,द्वितीये न अर्जितम धनम् ।तृतीये न अर्जितम पुण्यम, चतुर्थे किम करिष्यसि।। अर्थात यदि जीवन के प्रथम भाग में विद्या और दूसरे भाग में धन और तीसरे भाग में पूर्ण नहीं कमाया। तो चौथे भाग अर्थात बुढ़ापे भाग में क्या करोगे। बाल संस्कार अभियान में हिरदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जय मां भारती फाउंडेशन, जसोदा शर्मा, वंदना मिश्रा अंजना शर्मा, रजनी ठाकुर, ममता रावत, सोनाक्षी शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, हेमलता, पूनम शर्मा रचना शर्मा, रेखा शर्मा, राखी शर्मा,हरदीप शर्मा अनंत वशिष्ठ, किरन शर्मा आदि ने सहयोग कर मुख्य भूमिका निभाई।

# प्रोत्साहन योजना के लिए खिलाड़ियों का चयन कल से

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 14 वर्ष से लेकर 23 वर्ष तक के आयु के बालक एवं बालिकाओं का चयन राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म में 4 से 8 सितम्बर तक होगा। आयोजकों ने बताया कि जो खिलाड़ी उक्त आयु वर्ग का है और चयन हेतु ट्रायल में भाग लेना चाहता है उक्त तिथि को जीआईसी शक्ति फार्म में पहुंचकर ब्लॉक समन्वयक माध्यमिक ललित मेहरा एवं निर्मल सरकार ब्लॉक समन्वयक बेसिक से संपर्क कर सकता है।

# तमंचे की नोक पर अगवा करने के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस मोहल्ला रम्पुरा में परिवार के साथ बाईक पर सवार होकर जा रहे एक व्यक्ति को तमंचे की नोक पर जबरन कार में बैठाकर अगवा करने का प्रयास करने वाले हमलावरों के विरूद्ध पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों में एक भाजपा नेता का भाई भी शामिल हैं। दर्ज रपट में प्रमोद पुत्र स्व. काली चरन निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने कहा है कि 31 अगस्त की रात्रि वह अपनी बाईक से अपनी बीवी बच्चो को लेकर रम्पुरा से लेकर प्रीत विहार की ओर जा रहा था। तभी केदरानी चौराहा पर बीच रोड पर झगड़ा चल रहा था। उसे खड़े काफी समय हो गया था उसके छोटे छोटे बच्चे रोने लगे। उसने अपनी बाईक निकालने के लिए साईट मांगी तो शुभम चन्द्रा व भाजपा नेता के भाई अनिल कोली पुत्र प्रसादी व अरूण गुप्ता, विवेक गुप्ता उर्फ वान्टेड ओमू, जातिन चौहान ने उसे बाईक से उतार कर मारा व उसके बाद उसके परिवार व मोहल्ले वालो के सामने उसे अपनी सफेद रंग की कार स्कारपियों जिसका नंबर यूके 06 एके 3699 में उठाकर कार में डाल दिया और सर पर तमचा टेक दिया। मोहल्ले के लोगो ने कार से उतार कर उसे बचाया वरना हमलावर जान से मार देते। उसे अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**मैराथन दौड़ में बवाल...**और भोटिया पड़ाव चौकी इंचार्ज कुमकुम धानिक पुलिस टीम के साथ पहुंची। जहां पर उन्होंने बच्चों उनके अभिभावक और आयोजनकर्ता से बातचीत की ओर सभी को समझने का प्रयास किया। इसके बाद सभी लोग कोतवाली पहुंचे वहां पर आयोजनकर्ता मिथुन जायसवाल ने कई सारे बच्चों के फीस की रकम वापस लौटाई तो कई बच्चों की रकम नहीं लौटाई। जिस पर पुलिस ने आयोजनकर्ता मिथुन जायसवाल को थाने में पूछताछ के लिए बैठाया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात कह रही है।

**हिन्दू जागरण मंच ने ....**जिससे प्रदेश में लैंड जिहाद का संचालन करने वाले लोगों व अलगाववादी शक्तियों का गठजोड़ स्पष्ट हुआ है । जिनको भ्रष्टाचार के कारण शासन व प्रशासन का समर्थन व सहयोग प्राप्त हो रहा है। पिछले एक माह से चल रहे व्यापक विरोध प्रदर्शन व आंदोलन के बाद भी भ्रष्ट अधिकारियों पर कोई कार्यवाही ना होना यह प्रमाणित करता है कि भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण शासन के स्तर से ही नहीं बल्कि सरकार के स्तर से भी है । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 13 सितंबर तक एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया को निलंबित नहीं किया गया तो 14 सितंबर को विभागीय मंत्री का पुतला दहन किया जाएगा । यदि विभागीय मंत्री का पुतला दहन होने के बाद भी सरकार द्वारा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो 20 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा । इस अवसर पर नगर संयोजक हिंदू जागरण मंच राधे राजा, चन्द्रपाल मौर्य, सुनील, राहुल, अंकित, अतुल, राजकुमार, राजेन्द्र, सागर, सुमित, हिमांशु, सूरज, आदि समेत कई लोग थे।

**पंतनगर विवि के अधिकारी...**का दरवाजा तोडकर तथा लोहे की जाली तथा सरिया काटकर घर में प्रवेश किया गया। उनका कहना है चोरी हुये सामान मे नकद धनराशि लगभग 30-35 हजार रूपये, 35-40 चांदी के सिक्के, सोने कां मंगलसूत्र,चैन, कान के कुण्डल टॉप्स, अगूठियां, पन्ने की अंगूठियां,नाक की लौंग नथ, मांगटीका तथा असली मोती हैदराबादी, डिजिटल कैमरा शामिल है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**महिला ने ससुरालियों पर...**उसकी पत्नी गर्भवती हुई तब से देवर उस पर व उसकी बेटी पर बुरी नजर रखने लगा। जब दोनों ने मना कर दिया तब सास के साथ मिलकर उस पर उल्टे सीधे आरोप लगाकर घर से निकालने का प्रयास करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि परिवारजन उसकी पुत्री को बेचना चाहते थे। बमुश्किल अपनी पुत्री को उक्त लोगों से बचाया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**दो बाइकों की ...** से तेज रफ्तार से चली आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे परमजीत सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि गाड़ी चला रहा सतपाल सिर में पगड़ी बांधने की वजह से बच गया। मृतक परमजीत तीन भाई दो बहन हैं। भाई बहनों में वह छोटा था। वह अविवाहित है। उसके सभी भाई बहनों की शादी हो चुकी है। अचानक पति-पत्नी को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**एनएसजी कमाण्डो की सड़क...**सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। निर्मल का एक बड़ा भाई और दो बहनें हैं। वहीं गंभीर घायल दोस्त सोनू को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है।

# मारपीट के मामले में महिला और पुत्र-पुत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट करते हुए मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त करने तथा जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला उसके पुत्र तथा पुत्री के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी मोहम्मद इकबाल पुत्र अब्दुल वाहिद ने बताया कि बीते 30 अगस्त की रात्रि लगभग 8:00 बजे मोटरसाइकिल पर बच्चों को बिठाकर वह कहीं जा रहा था इसी दौरान आपस में झगड़ा कर रहे गली के लोगों में से मिराज पत्नी सलीम नामक महिला ने पत्थरबाजी कर दी। पत्थर उसकी मोटरसाइकिल में लगने के कारण गाड़ी का वाइजर टूट गया इस दौरान बाइक पर बैठा बच्चा बाल बाल बचा। आप है कि उसने जब इस बात की शिकायत पुलिस से करने के लिए कहा तो सलीम की पत्नी मिराज, पुत्र आवेश तथा पुत्री हसनैनी तीनों ने एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए और ईंट पत्थरों से मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी और मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मारपीट के इस मामले में तहरीर के आधार पर महिला समेत तीनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन है: विजय शास्त्री

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 33वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि मानव जीवन तपस्या के लिए है, जो



तप नहीं करता उसका पतन होता है, शरीर को सादगी मय रखो यह एक मुट्ठी भर भस्म है, मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन है, ईश्वर भजन है हर चीज में ईश्वर की भावना जागे इसलिए सत्संग की जरुरत है। प्रसाद की सेवा स्व. विनोद मदान के पुत्र शोनित मदान,मधुर मदान, एडवोकेट मदन लाल सुधा एवं विक्रम सुधा के परिवार द्वारा दी गई। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राइस मिलर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

## पीडी अग्रवाल अध्यक्ष, नरेश कंसल महामंत्री बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राइस मिलर्स एसोसिएशन की वर्ष 2023-25 की कार्यकारिणी के चुनाव के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी।











बैठक में एसोसिएशन के वरिष्ठ एवं मार्गदर्शक सदस्यों के साथ ही तीन चुनाव अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में 25 अगस्त को हुए एसोसिएशन के चुनाव के सम्बंध में चर्चा की गयी एवं सर्वसम्मति बनाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रांतीय एसोसिएशन के अध्यक्ष पी डी अग्रवाल रूद्रपुर, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग बाजपुर, महामंत्री नरेश कंसल सितारगंज, मंत्री उमेश अग्रवाल, नानकमत्ता एवं कोषाध्यक्ष पंकज बांगा, लालपुर चुने गये। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं तीनो चुनें अधिकारियों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी एवं अपेक्षा की कि नयी कार्य करिणी चावल उद्योग के व्यापक हित में कार्य करेगी। बैठक पश्चात पूर्व अध्यक्ष सचिन गोयल, पूर्व महामंत्री देवेंद्र जुनेजा एवं पूर्व कोषाध्यक्ष निकेश अग्रवाल ने नयी कार्यकारिणी को बधाई दी एवं आवश्यकतानुसार पूर्व सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन के सभी सदस्य एकजुटता के साथ उद्योग हित में कार्य करेंगे। पी डी अग्रवाल द्वारा सचिन गोयल का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सचिन गोयल के मार्ग दर्शन में कार्य करेंगे एवं उनसे हर संभव सहयोग की अपेक्षा करते हैं। बैठक में चुनाव अधिकारी धर्मचंद खेड़ा, गदरपुर, ईश्वर बंसल खटीमा, सत्यवान गर्ग बाजपुर, पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, बाबू लाल बंसल, पूर्व अध्यक्ष सचिन गोयल, पूर्व महामंत्री देवेंद्र जुनेजा, पूर्व कोषाध्यक्ष निकेश अग्रवाल, राजेश डाबर, जीतेन्द्र सिंघल, संजय गोयल, गगन गर्ग, सौरभ सिंघल एवं मोहित सिंघल आदि मौजूदथे।

# बैरक में फंदे से लटका मिला सीआरपीएफ के दरोगा का शव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम के बैरक में दरोगा का शव फांसी पर लटका पाए जाने पर बैरक में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में फंदे से उतार कर दरोगा को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी लेने के बाद पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। बताया जाता है कि रतनपुर पिंजौर पंचकुला, हरियाणा निवासी नरेश कुमार (35 वर्ष) पुत्र रामकुमार वर्ष 2007 में सीआरपीएफ में बतौर दारोगा भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल काठगोदाम ग्रुप केंद्र थी। अधिकारियों के अनुसार नरेश बैरक में एक दारोगा के साथ रहते थे। शुक्रवार को नरेश के साथ रहने वाले दारोगा किसी काम से बाहर गए थे। वह बैरक में अकेला था। रात पौने 12 बजे दारोगा बैरक में पहुंचे तो नरेश का शव फंदे से लटका था। इसकी सूचना आस-पास के कर्मचारियों व अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस ने शव फंदे से उतारकर डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। काठगोदाम थाने के एसआई मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को मृतक का भाई हल्द्वानी पहुंचा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

# स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उनि शंकर नयाल, कानि. मुन्ना सिंह, दिलशाद अहमद, परवेज अली



द्वारा गश्त के दौरान नशा तस्कर तस्लीम पुत्र साबिर निवासी मलिक का बगीचा इन्द्रानगर बनभूलपुरा को रेलवे पटरी पर गौला पार्किंग बनभूलपुरा से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर तस्लीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ईश्वर को पाने के लिए आयु बाधा नहीं: आचार्य त्रिपाठी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ईश्वर की सच्चे मन से भक्ति करके कोई भी व्यक्ति परमात्मा को प्राप्त कर सकता है इसमें भक्त की आयु बाधक नहीं बनती





है। यह बात श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित संगीतमय श्री मद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य श्री व्योम त्रिपाठी ने भक्तजनों को कथा सुनाने के दौरान कही। उन्होंने परीक्षित जन्म, सती चरित्र, शुक्रदेव कथा सुनाने के साथ ही ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष की आयु में ध्रुव जी ने भगवान जी को प्राप्त करने के लिए पांच महीने कठोर तपस्या की और भगवान को प्राप्त कर लिया। उन्होंने कहा कि ध्रुव प्रसंग हम सबको यह शिक्षा देता है कि भगवान को पाने के लिए कोई उम्र नहीं होती हैं। हम किसी भी आयु में भजन करके भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। कथा सुनाने के दौरान आचार्य श्री व्योम त्रिपाठी ने चला चलकर वृन्दावन देखो, तूं है मोहन मेरा मैं दीवाना तेरा, राधे राधे जपो चले आयेंगे बिहारी आदि सुंदर भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व कथा के तीसरे दिवस पर मुख्य यजमान बलदेवराज खेड़ा व सुभाष नारंग परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत गीता की विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। प्रसाद की सेवा रामचन्द्र भुड्डी द्वारा की गई। कथा में श्री सनातन धर्म सभा के सरपरस्त हरिचन्द मिड्ढ़ा, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय विरमानी, संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, अमित अरोरा, राकेश सुखीजा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

